an>

title: Regarding introduction of Gogreen Bus service for Members of Parliament.

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) : उपाध्यक्ष महोदय, आज जो बस सेवा चालू की गई है, उसके लिए माननीय प्रधान मंत्री और नितिन गडकरी जी का धन्यवाद करना चाहते हैं। **...**(व्यवधान)

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : उपाध्यक्ष महोदय, आज जो ग्रीन बस की शुरूआत माननीय प्रधान मंत्री जी ने की है, उसके लिए हम उनका और माननीय नितिन गडकरी जी का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। **...**(व्यवधान)

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): उपाध्यक्ष महोदय, आज देश के प्रधान मंत्री ने माननीय सांसदों के लिए ग्रीन बस की जो व्यवस्था की है, उसमें माननीय नितिन गडकरी जी की बड़ी भूमिका है कि प्रदूषण रहित बस की उपलब्धता हमारे सांसदों के लिए करवायी गई है, जिसका उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री जी ने किया है। हम लोग सदन की तरफ से माननीय मंत्री नितिन गडकरी जी का आभार व्यक्त करना चाहेंगे। **...**(व्यवधान) प्रदूषण मुक्त भारत की ओर जो हम बढ़ रहे हैं, उसमें मंत्री जी के योगदान को हम लोग हमेशा याद रखेंगे।

_